बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

संचिका सं0– प्र०–11 / विविध–03–21 / 2026 8025(S) पटना, दिनांक : 05.11.26

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार बिहार,
पटना।

द्वारा :– वित्त विभाग।

विषयः– विश्वामित्र पथ (बक्सर–आरा–मनेर गंगा पथ, लंबाई 90 कि.मी.) के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.), भूमि अधिग्रहण, आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियाँ एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु परामर्शी सेवाएं प्राप्त करने के निमित कुल 260.00 लाख (रूपये दो करोड़ साठ लाख) रूपये मात्र की अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेशः– विश्वामित्र पथ (बक्सर–आरा–मनेर गंगा पथ, लंबाई 90 कि.मी.) के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.), भूमि अधिग्रहण, आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियाँ एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु परामर्शी सेवाएं प्राप्त करने के निमित कुल 260.00 लाख (रूपये दो करोड़ साठ लाख) रूपये मात्र की अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य की निविदा प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा।

3. विषयगत कार्य का वित्त पोषण बजट व्यय शीर्ष "5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03–, राज्य राजमार्ग–337–सड़क निर्माण कार्य–0102 वृहद सड़कें मत्तदेय" विपत्र कोड 41–5054033370102 एवं बजट व्यय शीर्ष "5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–0101 वृहद सड़कें मत्तदेय" विपत्र कोड 41–5054037890101 अन्तर्गत विकलनीय होगा।

4. विषयगत कार्यों का कार्यान्वयन बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जायेगा। अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (मुख्यालय / लेखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना कार्य के निमित्त निकासी पदाधिकारी होंगे, जो राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ (बेली रोड) पटना से करेंगे एवं बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करायेंगे। मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा निर्दिष्ट उप महाप्रबंधक (तक॰) कार्य के निमित्त व्ययन पदाधिकारी होंगे।

5. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया जाता है :–

वर्ष	बजट व्यय शीर्ष		वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0 में)	भौतिक लक्ष्य
	विपत्र कोड 41-5054033370102	विपत्र कोड 41-5054037890101		
2026–27	208.00	52.00	260.00	सभी कार्य पूर्ण करना।
कुल	208.00	52.00	260.00	

6. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना एवं मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवपलमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना विषयगत कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।

7. इसकी सूचना प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना/मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दे दी जाय।

8. प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की अनुशंसा प्राप्त है।

9. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888/वि0, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर मद संख्या–19 के रूप में मंत्रिपरिषद की स्वीकृति संचिका के पृ0–29/टि0 पर दिनांक – 28.10.2026 को प्राप्त है।

10. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0–33/टि0 पर दिनांक – 02.11.2026 को प्राप्त है।

ह0/-

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :– प्र०–11/विविध–03–21/2026 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/–

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :– प्र०–11/विविध–03–21/2026 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :–वित्त विभाग (आय–व्ययक शाखा), पटना/प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/-

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :– प्र०–11/विविध–03–21/2026 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना /मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना/मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता, अनुश्रवण उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना विषयगत कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व डिजाईन, प्राक्कलन की जाँच के उपरान्त प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति अविलम्ब प्रदान करेंगे।

3. प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना इस कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :– प्र०–11/विविध–03–21/2026 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :–माननीय विभागीय मंत्री, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग/आं० वि० स०, पथ निर्माण विभाग/संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग/कार्यपालक अभियंता, योजना–1 एवं 2, पथ निर्माण विभाग /सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ /अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)/कार्य प्रबंधन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ/ प्रशाखा पदाधिकारी, आय–व्ययक प्रशाखा–9/प्रशाखा–10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना /मीशु मनीषा कुमारी, पी0एम0यु0 लीड, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/–

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :– प्र०–11/विविध–03–21/2026 8025 (5) पटना, दिनांक – 05.11.26

प्रतिलिपि :–आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05.11.2026

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।